सं०: क्यू-17011/1/2016-सांख्यिकी
भारत सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

चौथा तल, पर्यावरण भवन,
सीजीओ काम्प्लैक्स, लोधी रोड,
नई दिल्ली, 110003
दिनांक-10.05.2016

सेवा में,

प्रभारी सचिव/प्रधान सचिव, ग्रामीण स्वच्छता,

(1) अरुणाचल प्रदेश, (2) असम, (3) मणिपुर (4) मेघालय (5) मिजोरम (6) नागालैंड (7) सिक्किम (8) त्रिपुरा (9) बिहार (10) झारखंड (11) उत्तर प्रदेश सरकार

विषय: गुवाहाटी में दिनांक 27 मई, 2016 को बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश सहित पूर्वोत्तर राज्यों के स्वच्छ भारत मिशन(जी) की समीक्षा बैठक में भाग लेने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) (एसबीएम(जी)) के अंतर्गत, बिहार, झारखंड, और उत्तर प्रदेश सहित पूर्वोत्तर राज्यों के निष्पादन की समीक्षा करने के लिए सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय की अध्यक्षता में 27 मई, 2016 को गुवाहाटी में एक बैठक आयोजित की जाएगी।

अनुरोध है कि एसबीएम(जी) के समन्वयकों सहित ग्रामीण स्वच्छता के प्रभारी राज्य प्रधान सचिव/सचिव व्यक्तिगत रूप से इस बैठक में हिस्सा लें। बैठक के कार्यसूची नोट्स और बैठक के स्थान का ब्यौरा शीघ्र सूचित कर दिया जाएगा।

आपका

ह०/

(सरस्वती प्रसाद)

अपर सचिव

प्रतिलिपि: एसबीएम(जी) समन्वयक- (1) अरुणाचल प्रदेश, (2) असम, (3) मणिपुर (4) मेघालय (5) मिजोरम (6) नागालैंड (7) सिक्किम (8) त्रिपुरा (9) बिहार (10) झारखंड (11) उत्तर प्रदेश सरकार

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

1. सचिव (एमडीडब्ल्यूएस) के प्रधान निजी सचिव।

2. टी डी- एनआईसी को मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।